Bareilly, Friday,
11 November 2022
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext

12 नवंबर से श्रीराममूर्ति स्मारक स्टेडियम में कूच बिहार ट्रॉफी का आगाज

कल आमने-सामने यूपी-नागालैंड

स्टेडियम में दर्शकदीर्घा तैयार, स्थानीय खिलाड़ी भी ले सकेंगे मैच का आनंद

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (10 Nov): श्रीराममूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी स्थित श्रीराममूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले कूच बिहार ट्रॉफी अंडर-19 मैच के लिए उप्र और नागालैंड के खिलाड़ी बरेली पहुंच गए. उप्र की टीम बुधवार दोपहर और नागालैंड की टीम गुरुवार सुबह पहुंची. गुरुवार को उप्र के खिलाड़ियों ने अभ्यास का निर्णय लिया, जबकि नागालैंड के खिलाड़ियों ने सफर में थकावट के चलते आराम करना मुनासिब समझा. अभ्यास के लिए उप्र के खिलाड़ी सुबह स्टेडियम पहुंचे. जहां ग्राउंड पर खिलाड़ियों ने जमकर पसीना बहाया.

प्लेयर्स ने जमकर की प्रैक्टिस.

प्लेयर्स ने उत्साह के साथ किया प्रतिभाग.

सुबह 9 बजे से मैच शुरू

बीसीसीआई की ओर से कूच बिहार ट्रॉफी का मैच पहली बार जिले में आयोजित हो रहा है. इसमें अब सिर्फ एक ही दिन बाकी है. मैच को ऐतिहासिक बनाने के लिए तैयारियां अंतिम चरण में हैं. मैच रेफरी, अंपायर, वीडियो एनालिस्ट और स्कोरर की टीम भी बरेली पहुंच चुकी है. 12 नवंबर को सुबह साढ़े नौ बजे से दोनों टीमों के बीच मुकाबला शुरू हो जाएगा. मैच का उद्घाटन सांसद संतोष गंगवार, कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह और महापौर डॉ. उमेश गौतम करेंगे. खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए मंडलायुक्त संयुक्ता समद्दर, एडीजी जोन राजकुमार, आइजी जोन रमित शर्मा, जिलाधिकारी शिवाकांत द्विवेदी, एसएसपी अखिलेश चौरसिया, बीडीए वीसी जोगेंद्र सिंह के साथ एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति भी मौजूद रहेंगे. उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के निदेशक युद्धवीर सिंह और सचिव प्रदीप गुप्ता व अन्य पदाधिकारी भी पहुंच रहे हैं.

बिना किसी शुल्क के एंट्री

शहर में पहली बार कूच बिहार ट्रॉफी का मैच देखने के लिए क्रिकेट प्रेमियों में उत्साह है. साथ ही उनके भीतर एक आशंका बनी हुई है कि उन्हें इसके लिए प्रवेश की प्रक्रिया कैसे पूरी करनी होगी. जिम्मेदारों का कहना है कि किसी तरह का शुल्क और पास आदि की व्यवस्था नहीं है. कोई भी आकर मैच का आनंद ले सकता है.

खिलाड़ियों में उत्साह एसआरएमएस के स्टेडियम में पहली बार हो रहे इस आयोजन को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में उत्साह है. इससे यहां प्लेयर्स को न सिर्फ खेल की बारीकियां जानने का मौका मिलेगा वहीं उन्हें आगे बढ़ने के लिए अच्छा प्रदर्शन करने की प्रेरणा भी मिलेगी. इसे लेकर खिलाड़ी उत्साहित हैं.

तैयार की गई दर्शकदीर्घा

एसआरएमएस में क्रिकेट कोच मनीष सिंह ने बताया कि बीसीसीआइ के मानक पर खरा उतरने के बाद ही एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम को कूच बिहार ट्रॉफी की मेजबानी मिली है. करीब दो हजार दर्शकों को ध्यान में रखते हुए दर्शकदीर्घा को तैयार किया गया है. यहां सभी प्रकार के रोलर बालिंग मशीन, फ्लोरियन, टर्फ, विकेट प्रैक्टिस के लिए आठ विकेट उपलब्ध हैं.

उप्र की टीम	नागालैंड की टीम
आदर्श सिंह (कप्तान)	युगंधर सिंह
शिवम कुमार	(कप्तान)
विराट जैसवाल	खीविटसो केन्से
प्रशांत वीर	नीजेखो रुपीयो
शिवम उज्जवल	केलहाउसली
मानव सिंधु	केदुओवेटो
चैतन्य पाराशर	मुचवी सुमी
अक्षु बाजवा	सुजल प्रसाद
अक्षय दुबे	सैम्युल
वंश चौधरी	कविटो
नमन तिवारी	रंजनथंग
अजय कुमार	दीप बोहरा
अब्दुल रहमान	येजाविटो किरे
आसिफ अली	किनीजोटो रियो
सुशांत	निजोली मेहता
शुभांकर शुक्ला	
सिद्धार्थ मिश्रा	
प्रियेश कुमार	
कीर्ति वर्धन	
युवराज यादव	
मोहम्मद सिबती	

12 नवंबर से शुरू होंगे मैच

15 नवंबर को होगा अंतिम मैच